भोजनशाला का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। करौली उप जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त ने सोमवार को मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजनशाला का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने गरीब, बुजुर्ग, अस्पताल की भर्ती रोगियों एवं परिजनों को कराए जा रहे निशुल्क भोजन कार्य की सराहना की। उन्होने बताया कि सोमवार को शाम 6:00 बजे के करीब करौली नगर परिषद के कार्यकारी आयुक्त प्रेमराज मीना नई सब्जी मंडी में निरीक्षण के लिए पहुंचे इस दौरान वह मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजनशाला में पहुंचे जहां भोजन शाला समिति के अध्यक्ष के बाला साहब, समिति पदाधिकारी एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भोरू सिंह जादौन, देवेंद्र शर्मा ने भोजन शाला द्वारा किए जा रहे कार्यों के विस्तार से जानकारी दी तो उन्होंने कार्य की सराहना की इस दौरान समिति के पदाधिकारी ने भोजन शाला के आसपास व्याप्त गंदगी से अवगत कराया वही मुख्य सड़क मार्ग पर यातायात अवरोध होने के बारे में जानकारी दी।

'गोवर्धन आस्था का केन्द्र, धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है प्रेम व भाईचारा : मदन राठौड़

- सनातन संस्कृति पूरे विश्व की कल्याण की बात करती है। बच्चों को भी जन्म से धार्मिक संस्कार देने चाहिए : राठौड़
- गिर्राज जी महाराज को छप्पन भोग लगाकर नंद महोत्सव मनाया

गंगापुर सिटी, (निसं)। श्री गोवर्धन सेवा समिति के तत्वावधान में बृज चौरासी की एकादश यात्रा के दौरान गंगापुर सिटी वालो की धर्मशाला में फूल बंगला कर गिर्राज जी महाराज को छप्पन भोग लगाकर नंद महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया।

यात्रा संयोजक विजय गोयल ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन राठौड प्रदेश अध्यक्ष भाजपा राजस्थान सरकार, कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री मिथलेश गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंहगुर्जर, मनीष लंबरदार प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पंचायत गोवर्धन आदि थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने गिर्राज जी महाराज के विग्रह के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की। समिति पदाधिकारीयों ने 21 किलो की माला पहनाकर मुख्य अतिथि राठौड सहित सभी अतिथियो का स्वागत किया। इस दौरान राघव आर्ट वृंदावन रूप ने विभिन्न प्रस्तुतियां दे कर समां बांध दिया। कलाकारों ने बांके बिहारी तेरे मोटे मोटे नैन, कान्हा मोर बन आयो, दे दे बधाई मैया दे दे बधाई, छम छम नांचे वीर हनुमाना आदि अनेक भजनों के साथ मनमोहक छवि की झांकी देकर यात्रियों का मन मोह लिया। यात्रियों ने कलाकारों के साथ जमकर नृत्य किया एवं बांके बिहारी, राधारानी के जयकारे लगाए। इस दौरान मुख्य अतिथी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि गोवर्धन भक्तों की आस्था का केंद्र है। धार्मिक आयोजनों से प्रेम एवं भाईचारा बढ़ता है। सनातन संस्कृति पूरे विश्व की कल्याण की बात करती है। बच्चों को भी जन्म से धार्मिक संस्कार देने चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बृज 84 कोस के यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी कुशल मंगल की कामना की। गुर्जर ने कहा की राधारानी की कृपा से ही बृज चौरासी कोस की यात्रा संभव है। विशिष्ट अतिथि मनीष लंबरदार प्रतिनिधि चैयरमेन नगर पंचायत गोवर्धन ने कहा कि धार्मिक आस्था में राजस्थान का अग्रिम स्थान है। 84 कोस की यात्रा का बहुत ही धार्मिक महत्व है। समिति के अध्यक्ष कमलेश गोयल ने अतिथियों की अगवानी की और कहा कि समिति अपने परिवार की तरह यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम का संचालन यात्रा संयोजक विजय गोयल ने किया। कार्यक्रम में सहसंयोजक मदनगोपाल बैग, प्रमोद मोदी, यात्रा व्यवस्थापक महेश बंसल, महामंत्री मोहन कुनकटा, सीताराम धोलेटा, एडवोकेट जगदीश गुप्ता, घनश्याम बजाज, प्यारेलाल मेडिकल, हनुमान लोहा, लक्ष्मी नारायण प्रॉपर्टी, रामू छोटी उदेई, वासुदेव गुप्ता ऐईन, बच्चूलाल गुप्ता, महेश आरेड्या, मनीष सिराधना, राहुल गुप्ता, यात्रा मार्गदर्शक अजय विजय चौबे पंडा मथुरा, धर्मशाला मैनेजर बालकृष्ण शर्मा के साथ अनेक यात्री एवं महानुभाव उपस्थित रहे।

मेघावी छात्राओं को मिला हवाई यात्रा का अनुभव

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल कल्याणजी गेट की दो मेधावी छात्राओं ने अपने जीवन में पहली बार हवाई यात्रा का अनुभव लिया। लायंस क्लब गरिमा द्वारा आयोजित मेधावी छात्रा हवाई यात्रा प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत यह यात्रा 18 अगस्त 2025 को संपन्न हुई। कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं मनीषा गुर्जर और सोनिया वर्मा को इस यात्रा के लिए चयनित किया गया। श्री जी मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। क्लब सदस्यों, स्कूल स्टाफ और परिजनों ने तिलक और माला से छात्राओं को विदाई दी। छात्राएं गंगापुर से दौसा तक कार से पहुंचीं। वहां से दिल्ली की यात्रा ट्रेन से की। दिल्ली में पालम रेलवे स्टेशन से टैक्सी द्वारा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्र ीय हवाई अड्डे तक पहुंचीं। इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली से जयपुर की यात्रा की।

सार-समाचार

मैसी का सर्विस कैम्प अब 30 तक

गंगापुर सिटी, (निसं)। मैसी फर्ग्युसन ट्रैक्टर के सवाई माधोपुर एवं करौली जिले के वितरक गहलोत ट्रैक्टर्स प्रा.लि. के तत्वाधान में मैसी ट्रैक्टरों का सर्विस कैम्प (आजादी की उमंग मैसी के संग) इन दिनों चल रहा है। किसानों का कैम्प के प्रति भारी उत्साह को देखते हुए कैम्प की अवधि 30 अगस्त तक बढा दी है। कैम्प में इन दिनों प्रतिदिन 15 से 20 ट्रैक्टर वर्कशॉप में सर्विस के लिये आ रहे है । इस सर्विस कैम्प में लेबर पर 50 प्रतिशत पार्टस एवं ऑयल पर 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। सर्विस कैम्प का लाभ मैसी ट्रैक्टर के किसान भाई हमारी सभी शाखाओ गंगापुर सिटी, करौली, हिण्डौन, सवाई माधोपुर, खण्डार पर उठा सकते है। ऑफर सीमित समय के लिये है,अत: सभी किसान भाई फ्री सर्विस कैम्प का अधिक से अधिक लाभ लेवे। कंपनी जनरल मैनेजर महेश सैनी ने बताया सर्विस कैम्प में ट्रैक्टरों के इन्जिन ओवरहॉल, गियर बॉक्स चैकिंग,लिफ्ट चैकिंग, डिफरेंसियल चैकिंग, फ्रन्ट एक्सल चैकिंग, स्टेयरिंग चैकिंग का कार्य कुशल मैकेनिकों द्वारा किया जावेगा। अत: ज्यादा से ज्यादा किसान भाई इस सर्विस कैम्प का लाभ उठाए।

सड़क हादसे में दो की मौत

करौली, (निसं)। करौली के सपोटरा क्षेत्र में कुडगांव मार्ग पर एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तरुण जादौन 20 और भंवरसिंह जादौन 25 के रूप में हुई है। दोनों बंदा की डोंगरी थाना सपोटरा के रहने वाले थे। घटना उस समय हुई जब चाचा-भतीजे मोटरसाइकिल से गंगापुर सिटी की ओर जा रहे थे।कुडगांव के पास अचानक सड़क पर आई नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर में दोनों सड़क पर गिर पड़े।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को राजकीय उप जिला अस्पताल सपोटरा पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।बंदा की डोंगरी में इस खबर से शोक छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर वन्यजीवों की आवाजाही से हादसों का खतरा रहता है, लेकिन सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

650 घरों से अवैध जंपर हटाये

करौली, (निसं)। विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विद्युत निगम ने बडा अभियान चलाया। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता रूप सिंह गुर्जर और अधिशाषी अभियंता दिगम्बर दयाल मीना के निर्देशन में टीम ने कार्यवाही की। इस दौरान टीम ने शहर के ढोलीखार, मासलपुर गेट, मीना कॉलोनी, शिकारगंज और तांबे की टोरी समेत कई इलाकों में छापेमारी की। इन इलाकों में करीब 650 घरों से अवैध जंपर हटाए गए। विभाग ने कुल 8 वीसीआर भरकर 3.2 लाख रुपए की वसूली की।इस कार्यवाही में सहायक अभियंता ललित बाबर, कनिष्ठ अभियंता शहर-प्रथम मानवेन्द्र सिंह और शहर-द्वितीय एस.के. शर्मा शामिल थे। एपीटीपीएस थाना करौली की पुलिस टीम और तकनीकी स्टाफ ने भी सहयोग किया।सहायक अभियंता ललित बाबर ने कहा कि विद्युत चोरी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। महू क्षेत्र में गंभीर नदी में जलदाय विभाग का बोरवेल डूब जाने से पिछले 40 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। महूदलापुर, महू खास, तिघरिया रोड और दुर्गापुर गांव के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। पानी की समस्या से त्रस्त महिलाओं ने खाली बर्तन लेकर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों को मजबूरी में महंगे टैंकरों से पानी मंगवाना पड रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि हर बार बाढ में डूबने वाले बोरवेल को गंभीर नदी के बीच से हटाकर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थापित किया जाए।

डिग्गी कल्याणजी की पदयात्रा रवाना

हिण्डौन सिटी, (निसं)। सीताराम जी मंदिर परिसर से डिग्गी कल्याण जी महाराज की 19वीं पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। आचार्य विष्णु शर्मा ने पूजा-अर्चना की और मंदिर के महंत सुरेश शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

सार-समाचार

सीबीईओ मनोरमा यादव का स्वागत

बयाना/भरतपुर, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सीबीईओ बयाना के पद पर कार्य ग्रहण करने वाली मनोरमा यादव का प्रदेश सह संगठन महामंत्री बदनसिंह मीना, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य पुरूषोत्तम पाराशर के नेतृत्व में शाल उडाकर और माला पहनाकर व प्रतिमा देकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के ब्लॉक, जिला एवं प्रदेश के दर्जनों पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से सीबीईओ बयाना के पद पर कार्य ठाहण करने पर मनोरमा यादव, एसीबीईईओ प्रथम मंजू गुप्ता, एसीबीईईओ द्वितीय राम लखन खटाना, कोटपुतली ब्लॉक अध्यक्ष सियाराम संघ विजय सैनी , सीबीईओ मैडम के पति शार्दुलसिहंजी का शाल, माला, साफा व राधाकृष्ण की तस्वीर भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। सीबीईओ मैडम ने संघ को आश्वासन दिया कि हमेशा संगठन के पदाधिकारियों का मान सम्मान रखते हुए आपके द्वारा बताई गई समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने भी पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिया। इस मौके पर प्रदेश महासमिति सदस्य मानसिहं बंजारा, जिलाकार्यकारी अध्यक्ष डा. बिशंबर मीना, राजेश गुर्जर, बृजेन्द्र मीना, छैलविहारी शर्मा, हरपाल ठाकुर, अशोक भारद्वाज,मुकेश मीना, मुनेश बमनावत, अंजू जुनेजा, अनीता गुप्ता, प्रधानाचार्य अरविंद शर्मा,प्रधानाचार्य श्रीधर गुर्जर, नबलसिहं आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

लेबोरेट्री टेक्नीशियन संघ ने सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। संघ ने प्रदेश में जांचों के निजीकरण (हब एंड स्पोक मॉडल) के निर्णय को निरस्त करने की मांग की है। संघ का कहना है कि प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त भवन और उच्च गुणवत्ता की मशीनें मौजूद हैं। लैब टेक्नीशियन समय पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध करा रहे हैं। जांचों का निजीकरण आमजन को परेशान करेगा और सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ाएगा।पीएचसी से लेकर सीएचसी तक कई जांचों के लिए सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की जरूरत होती है। अधिकांश चिकित्सा केंद्रों में ऐसे डॉक्टर नहीं हैं। इससे मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ेगा। एमएनजेवाई और एमएनडीवाई योजना की निगरानी आरएमएससीएल के माध्यम से सफल रही है। नई व्यवस्था से सरकार पर दो से तीन गुना खर्च बढ़ेगा।संघ ने चेतावनी दी कि निजीकरण से युवाओं के रोजगार के अवसर कम होंगे। सरकारी मशीनों और भवनों का उपयोग कर मात्र कार्मिकों की भर्ती से व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है। संघ ने याद दिलाया कि कोविड काल में सरकारी कार्मिकों ने निष्ठा से सेवा दी, जबकि निजी क्षेत्र ने इसे मुनाफे का अवसर बनाया। संघ ने जांचों के निजीकरण को जनविरोधी बताते हुए इसे रोकने की मांग की है।

जिला स्तरीय जनसुनवाई कल

करौली, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि 21 अगस्त को प्रात: 11:00 बजे से राजीव गांधी सेवा केन्द्र, कलक्ट्रेट परिसर के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला जन अभियोग सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन किया गया जाएगा।

जागरूकता शिविर का आयोजन

करौली, (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता चौधरी के निर्देशन एवं अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश माधवी दिनकर के आदेशानुसार मंगलवार को वृद्धाश्रम, जाखोदा (सपोटरा) में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर में उपस्थित बुजुर्गजनों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई, जिनमें बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, नशा मुक्ति, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालनहार योजना, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन तथा नालसा एवं रालसा द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएँ शामिल थीं।

दो जने गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पुलिस ने फजित्या रोड स्थित हिरामन के पास से आरोपी को एक देशी कट्टे के साथ पकडा।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान नारायणपुर निवासी बत्तीलाल उर्फ पुखराज (5०) पुत्र जगदीश के रूप में हुई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा के पर्यवेक्षण में की गई।

थानाधिकारी बनी सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की। टीम में हेड कॉन्स्टेबल रामजीलाल, कॉन्स्टेबल संजय और कॉन्स्टेबल विजय शामिल थे।

सम्मान समारोह का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। कच्चा परकोटा नियमन संघर्ष समिति द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन कृष्णा पैलेस सहयोग नगर में किया गया।

समारोह की शुरुआत शिवानी दायमा जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी डॉ प्रेम सिंह कुन्तल जिलाध्यक्ष जाट महासभा, एवं समिति के संयोजक जगराम धाकड़ द्वारा गणेश जी के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह में शैलेश कौशिक प्रदेश प्रवक्ता बी जे पी, गिरधारी तिवारी पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, संजीव गुप्ता जिलाध्यक्ष भरतपुर जिला व्यापार महासंघ, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रूपेन्द्र सिंह जघीना, डॉ दयाचंद पचौरी शहर अध्यक्ष कांग्रेस, धर्मेन्द्र शर्मा, गंगाराम पाराशर, पार्षद व कई सामाजिक संगठनों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। समारोह में सभी उन संगठनों, व व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने इन कच्चे परकोटे वालों के लगभग 20-22 साल चले लम्बे आंदोलन में कहीं ना कहीं साथ दिया और सहयोग किया था और आंदोलन करने वाले की हौंसला अफजाई की थी। संघर्ष समिति के इंद्रजीत भारद्वाज, भागमल वर्मा, श्रीराम चन्देला, यदुनाथ दारापुरिया, बालकिशन कश्यप, भूरा भगत, सरदार बलवीर सिंह, राजेन्द्र शर्मा, राजेश गुप्ता, नरेश शर्मा, रमेश बाल्मीकि, कल्ला कश्यप, बंटी गुर्जर, किशन कश्यप, विष्णु, चिरोंजा देवी, निर्मला देवी, इन्द्रा देवी, वीरेश देवी, राधा इत्यादि एवं सभी सदस्यों द्वारा सभी सहयोगियों का सम्मान करने का निर्णय लिया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्वलित करने के पश्चात इंद्रजीत भारद्वाज द्वारा स्वागत भाषण के बाद प्रतिवेदन का पठन किया मंच संचालन विपुल शर्मा एवं शैलेन्द्र पाराशर द्वारा किया गया एवं पधारे हुए सभी अतिथियों का सम्मान माला पटुका व स्मृति चिन्ह से किया गया। विशेष सम्मान श्रवण कुमार विश्नोई आयुक्त नगर निगम भरतपुर का सम्मान साफा, माला, दुपट्टा एवं प्रतीक चिंह, आभार पत्र भेंटकर किया गया।

रथ यात्रा को करौली मे किया स्वागत

करौली, (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्ति कुंज हरिद्वार द्वारा मनाए जा रहे अखण्ड दीप शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देश भर में निकाली जा रही दिव्य ज्योतिकलश रथ यात्रा के मासलपुर चुंगी करौली नगर प्रवेश पर स्थानीय गायत्री परिजनों ने भव्य अगुआनी की।

गायत्री परिवार के प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि मुख्य प्रबंध न्यासी बल्लभ पंसारी, शिक्षा अधिकारी व व्यवस्थापक सर्वेश कुमार गुप्ता, महिला मण्डल संयोजिका रेखा वर्मा, ट्रस्टी गोपाल सराफ, साबा राम मीना, अखिलेश गुप्ता, प्रमोद कंपाउंडर एवं गायत्री परिजनों ने अखण्ड दीप एवं दिव्य कलश का पूजन वंदन किया।दिव्य ज्योति कलश यात्रा का विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह के प्रतिष्ठान पर पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विहिप के धर्म प्रसार प्रमुख महामंडलेश्वर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा व प्रचार प्रसार प्रमुख नरेन्द्र सिंह टटवाई ने मंत्रो च्चार के साथ पूजन वंदन किया। विहिप के अतर सिंह, गजानंद शर्मा ने अंग वस्त्र पहना कर शांतिकुंज के प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह जादौन, बहादुर सिंह सोलंकी, नरेश जोशी आदि का स्वागत किया।इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शान्ति कुंज परिव्राजक जितेन्द्र सिंह जादौन ने गायत्री परिवार के मिशन की व्याख्या करते हुए बताया कि रथ यात्रा के माध्यम से गांव गांव में सद्प्रवृत्ति संवर्धन तथा कुरीति उन्मूलन के कार्यक्रम आयोजित कर घर घर में देव स्थापना, सुसंस्कारों का बीजारोपण, सामाजिक समरसता हेतु प्रेरित कर धर्म जागरण का कार्य किया जा रहा है।

सपोटरा के जवान का अभी तक नहीं लगा सुराग

करौली, (निसं)। उत्तराखंड के धराली में आई प्राकृतिक आपदा में करौली के जवान अजीत सिंह (20) पुत्र मलखान सिंह लापता हैं। 14 दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा है। इससे परिजनों की चिंता बढ़ गई है।

घटना को लेकर सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना सहित उत्तरकाशी जनपद कलेक्टर व आर्मी बेस शिविर हर्षिल के कैप्टन से फोन पर बात की है। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि लापता लोग, सैनिकों और यात्रियों की खोज व बचाव के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। करौली के सपोटरा उपखण्ड की ठाम पंचायत भरतून के बुद्धपुरा गांव के जवान अजीत सिंह के भाई शंकर सिंह ने बताया: अजीत सिंह 14 राजपूताना राइफल्स में तैनात है। 5 अगस्त को उत्तराखंड जिले के उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में बादल फटने से आई प्राकृतिक आपदा के बाद से वह लापता है। 15 दिन बीत चुके है, लेकिन अजीत का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

अजीत ने 4 अगस्त की शाम को बड़ी बहन प्रियंका से फोन पर बात की थी। उसके दूसरे दिन यह हादसा हो गया। जवान के छोटे भाई अंकुर सिंह व मौसी के लड़के सुरेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि अजीत सिंह 4 जून को आर्मी ट्रेनिंग के बाद 15 दिन की छुट्टी लेकर गांव आया था। इसके बाद 20 जून को 14 राजपूताना राइफल्स आर्मी बैस कैंप हर्षिल (उत्तराखंड) में ड्यूटी ज्वाइन कर ली।

प्राध्यापक संघ रेसला ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- प्राध्यापक संघ ने सत्र 2025-26 की प्रधानाचार्य डीपीसी समय पर करने की मांग की ।

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) जिला शाखा गंगापुर सिटी के चारों उपखंडों पर राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ की विभिन्न लंबित मांगों हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया।

राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रूपसिंह मीना ने बताया कि रेसला संगठन के राज्य व्यापी आंदोलन के आवाहन पर जिसमें दो वर्ष 2023-24, 2024-25 की 11 हजार पदों पर उप प्रधानाचार्य की बकाया डीपीसी काफी लंबे समय से लंबित है जिस समय पर पूर्ण करने के लिए, दो माह पूर्व प्रधानाचार्य पद पर लगभग 3800 प्रधानाचार्य की हुई डीपीसी पर यथास्थान जॉइनिंग करवा रखा है जबकि पूरे राजस्थान में प्रधानाचार्य के 40 प्रतिशत स्कूलों में पद रिक्त चल रहे हैं जिससे की शैक्षिक व्यवस्था भी बिगड रही है अत: मांग की जाती है कि जो अब काउंसलिंग की तिथि निर्धारित की गई है उस पर ही काउंसलिंग करवाई जाए, नव ऋमोन्नत विद्यालय में पिछले 2 साल से व्याख्याता के पद सृजन नहीं किए है संघ की मांग है कि अति शीघ्र लगभग 3800 व्याख्याता के पदों की स्वीकृति की जाए, सत्र 2025-26 की प्रधानाचार्य डीपीसी समय पर करने की मांग प्राध्यापक संघ ने की है। मांगो को लेकर गंगापुर सिटी ब्लॉक का ज्ञापन वजीरपुर उपखंड पर ब्लॉक अध्यक्ष हरिमन मीणा के नेतृत्व में, ब्लॉक नादौती में ब्लॉक अध्यक्ष शुगर सिंह के नेतृत्व में, ब्लॉक टोडाभीम में इंद्राज मीणा के नेतृत्व में एवं बामनवास में महेश मीना के नेतृत्व में सभी उप खंडों पर उप खंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया।

इसी कडी में जिला अध्यक्ष रूप सिंह मीणा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को जिले का ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञापन के दौरान पूरे जिले से भारी संख्या में व्याख्याता सचिवालय परिसर में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार एवं शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार से और विभाग से अपनी मांगों को समय पर पूरा करने की अपील करेंगे। वहीं राज्य व्यापी आंदोलन के तहत 21 अगस्त को संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य राज्यङ्क्त स्तरीय धरने हेतु बीकानेर शिक्षा निदेशालय के सामने धरने में शामिल होने के लिए जिला अध्यक्ष रूपसिंह मीना के नेतृत्व में लगभग 50 व्याख्याताओं का दल गंगापुर सिटी से रवाना होगा और धरने में भाग लेगा।

पश्चिम मध्य रेल

कोटा मंडल-सिविल इंजीनियरिंग (गति शक्ति यूनिट) ई-निविदा सूचना

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल अभियंता (गति शक्ति यूनिट) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा गति शक्ति यूनिट कोटा के लिए आमंत्रित है :- **टेन्डर संख्या**-जी.एस.यू.-कोटा-04-2025, **कार्य का विवरण**-कोटा-मथुरा सैक्शन-कन्सट्रैक्शन ऑफ 05 नम्बर्स रोड़ ओवर ब्रिज (आरओबी) इन ल्यू ऑफ एलसी नं. 148, 173, 200, 216 एण्ड 217 इन कोटा - मथुरा सैक्शन ऑफ कोटा डिविजन इन वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे। **कार्य की लागत**-1,72,05,31,095.14, **टेन्डर बन्द होने की तारीख**-15.09.2025 को। पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा मंडल अभियंता (गति शक्ति यूनिट), मंडल रेल प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। ई-निविदा के अतिरिक्त ऑफ लाईन / मैनुअल ऑफर के माध्यम से टेन्डर स्वीकार नहीं किये जायेगें। (हस्ता.)

मंडल अभियंता (गतिशक्ति यूनिट)/कोटा

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय-प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिण्डौन सिटी, जिला-करौली (राज.)

क्रमांक: रा.उ.मा.वि./हिण्डौन सिटी/20 दिनांक: 19-8-2025

नीलामी की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित नाकारा सामग्री की नीलामी की जानी है। इच्छुक जीएसटी धारक/फर्म/व्यक्ति निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर अमानत राशि 2 प्रतिशत जमा कराकर नीलामी में भाग ले सते हैं।

क्र.सं.	सामग्री जिसी नीलामी	नीलामी योग सामग्री	नीलामी दिनांक
1	कार्यालय सामग्री	20246-12	29-8-2025
2	क्रीडा सामग्री	11004-00	29-8-2025
3	नि:शुल्क पाठ्य पुस्तके	381733-00	29-8-2025
4	भूगोल प्रयोगशाला सामग्री	62275-00	29-8-2025
	कुल योग	475258-12	

प्रधानाचार्य
पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
हिण्डौन सिटी, जिला-करौली (राज.)

राजस्थान आवासन मण्डल

हमारा प्रयास, सबको आवास

667 आवास/फ्लैट्स की 5 नवीन आवासीय योजनाओं का शुभारम्भ

श्री झाबर सिंह खर्रा

माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
नगरीय विकास एवं आवासन विभाग

के कर कमलों द्वारा

दिनांक: 20 अगस्त, 2025 | स्थान: आवास भवन, जयपुर

Flats At Dholpur, Phase III, Dholpur RAJ/P/2025/3996 | Houses At Atru, Phase II, Baran RAJ/P/2025/3971 | Houses At Nainwa Pocket A, Bundi RAJ/P/2025/4084 | Houses At Nainwa, Pocket B, Bundi RAJ/P/2025/4058 | Flats At Paneriyon Ki Madri, Phase I, Udaipur RAJ/P/2025/4065 | Houses At Barmer RAJ/P/2025/4145

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

योजना का नाम	जिला	आय वर्ग	स्वतंत्र आवास की संख्या	अनुमानित लागत (लाखों में)
नैनवा आवासीय योजना (SRS) - पॉकेट-A	बूंदी	एमआईजी-ए	9	32.35
		एलआईजी	12	22.15
		ईडब्ल्यूएस	23	11.05
नैनवा आवासीय योजना (SRS) - पॉकेट-B	बूंदी	घरोंदा	12	7.80
		ईडब्ल्यूएस	16	11.05
अटरू आवासीय योजना (SRS)	बारां	एचआईजी	13	51.10
		एमआईजी-बी	6	42.00
		एमआईजी-ए	31	31.40
		एलआईजी	89	21.50
		घरोंदा	50	7.60
लंगेरा आवासीय योजना (SRS)	बाड़मेर	ईडब्ल्यूएस	80	8.61
		एलआईजी	120	16.30

योजना का नाम	जिला	आय वर्ग	फ्लेट्स की संख्या	अनुमानित लागत (लाखों में)
बाड़ी रोड (SRS)	धौलपुर	ईडब्ल्यूएस (जी+3) फ्लैट्स	48	12.45 से शुरु
		एलआईजी (जी+3) फ्लैट्स	16	19.20 से शुरु
पनेरियों की मादड़ी (SRS)	उदयपुर	ईडब्ल्यूएस (जी+3) फ्लैट्स	80	11.68 से शुरु
		एलआईजी (जी+3) फ्लैट्स	62	15.00 से शुरु

आवेदन अवधि 20 अगस्त से 20 सितम्बर, 2025

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009
एवं मो. नं. 9461054291/92/319, 6376868696, 9460254319

वेबसाइट पर अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए स्कैन करें

आवेदन ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से

आवासन आयुक्त

राजस्थान संवाद